प्रेस नोट

सराहनीय कार्य कानपुर देहात

दिनाँक- 20.08.2024

- **जनपद कानपुर देहात पुलिस द्वारा साइबर अपराधों की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत साइबर क्राइम थाना को मिली एक और सफलता।**
- **साइबर अपराधी द्वारा शिकायतकर्ता के व्हाट्सएप पर एक लिंक भेजकर ऐप इन्सटॉल कर डॉक्टर का अपॉइन्टमेंट बुक करने को लेकर 99999/- रूपये की साइबर ठगी की गयी।**
- **साइबर क्राइम थाना ने शिकायतकर्ता द्वारा दर्ज करायी गयी ऑनलाइन शिकायत पर कार्यवाही करते हुए कुल धनराशि 99999/- रुपये को वापस कराया।**

कृपया अवगत कराना है कि अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर, श्री आलोक सिंह व पुलिस उपमहानिरीक्षक, कानपुर रेन्ज, कानपुर, श्री जोगेन्द्र कुमार के कुशल मार्गदर्शन में एवं पुलिस अधीक्षक कानपुर देहात श्रीमान बीबीजीटीएस मूर्ति के निर्देशन में जनपद कानपुर देहात में अपराध नियन्त्रण की दिशा में साइबर क्राइम से सम्बन्धित घटनाओं की रोकथाम व खुलासे हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में, आवेदिका श्रीमती नीतू देवी पत्नी श्री विशाल कुमार निवासिनी ग्राम व पोस्ट रास्तपुर जनपद कानपुर देहात द्वारा दिनांक 08.02.2024 को श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद कानपुर देहात के समक्ष एक प्रार्थना पत्र दिया गया था । दिनांक 05.02.2024 को आवेदिका द्वारा अपनी पुत्री की दवा लेने के लिये गूगल के माध्यम से डा0 के0के0 डुकानिया कल्यानपुर कानपुर नगर का नम्बर निकाला गया था। जिस नंबर पर आवेदिका ने वार्ता की तो उक्त व्यक्ति द्वारा आवेदिका को अन्य मोबाइल नम्बर से व्हाट्सएप पर एक ऐप इन्सटॉल करने के लिये लिंक भेजा और बोला इस ऐप को इन्स्टॉल करने के बाद ऐप के माध्यम से आपका अपॉइन्टमेंट बुक हो जायेगा। आवेदिका द्वारा ऐप इन्सटॉल करते ही आवेदिका के STATE BANK OF INDIA के खाते से दिनांक 05.02.2024 को 01 रूपया कट गया था तथा दिनांक 06.02.2024 को 99999/- रूपये की धोखाधड़ी हुयी थी। जिसके सम्बन्ध में आवेदिका द्वारा साइबर हेल्पलाइन नम्बर 1930 पर कॉल कर अपनी शिकायत दर्ज करायी जिस पर साइबर क्राइम थाना द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए उक्त पैसे को होल्ड कराया गया । जिसके पश्चात् कोर्ट ऑर्डर के माध्यम से आवेदिका के खाते में 99999/- रूपये की धनराशि वापस करायी गयी।

वापस करायी गयी धनराशि-

99999/- रूपये

धनराशि वापस कराने वाली साइबर क्राइम पुलिस टीम-

1. प्र0नि0 श्री शिवनरायण सिंह साइबर क्राइम थाना जनपद कानपुर देहात।
2. का0 793 जसवीर सिंह साइबर क्राइम थाना जनपद कानपुर देहात।
3. का0 541 अभिनय साइबर क्राइम थाना जनपद कानपुर देहात।
4. का0 बलजीत सिंह साइबर क्राइम थाना जनपद कानपुर देहात।